telephone service in 20 territorial circles covering the whole country, excluding four metropolitan cities. The last date for submission of bids is 7th June, 1995. Bidding Indian regd, companies meeting the eligibility commercial operating, technical and financial conditions of the tender will be considered.

मंत्री कोटे के अंतर्गत टेलीफोन कनेक्शन

7062. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1992 और 1993 के कैलेन्डर वर्षों में कुल कितने टेलीफोन कनेक्शन किस-किस राज्य में स्वीकृत किए गए हैं;

(ख) क्या इन टेलीफोन कनेक्शनों को स्वीकृत करने के संबंध में राज्यों की आवश्यकता के बारे में कोई आधार निर्धारित किए गए थे; और

(ग) यदि हां, तो ये आधार क्या-क्या हैं तथा उपर्युक्त प्रत्येक वर्ष में राज्यों में कुल कितने टेलीफोन कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम: (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) जहां तक मंत्री कोटे से टेलीफोन मंजूर करने का संबंध है, इस बारे में राज्य के आधार पर कोई विचार नहीं किया जाता। टेलीफोन कनेक्शन मानवीय आधार पर आवेदकों की वास्तविक और तत्काल आवश्यकताओं का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने के बाद पात्र व्यक्तियों को मंजूर किए जाते हैं।

(ग) उपर्युक्त भाग "ख" को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

गांवों में डाकघर खोला जाना

7063. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य-वार कितने गांव डाकघर खोले जाने के लिए उपयुक्त पाए गए हैं;

(ख) उनमें से राज्य-वार कितने गांवों में अब तक डाकघर खोले गए हैं; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष-वार और राज्य-वार शेष गांवों में डाकघर खोलने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

(संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम): (क) और (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों के लिए सर्किलवार लक्ष्य विवरण में दिये गये हैं। (नीचे देखिये) आठवीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि के लक्ष्य को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि इन लक्ष्यों के वार्षिक योजना के अंतर्गत, वार्षिक आधार पर अंतिम रूप दिया जाता है।

विवरण

आठवीं पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान गांवों में डाकघर खोले जाने का लक्ष्य।

क्रम सं.	सर्किल का नाम	डाकघरों का लक्ष्य
1.	आन्ध्र प्रदेश	38
2.	असम	57
3.	बिहार	163
4.	दिल्ली	-
5.	गुजरात	50
6.	हरियाणा	22
7.	हिमाचल प्रदेश	42
8.	जम्मू एवं कश्मीर	10
9.	कर्नाटक	31
10.	केरल	33
11.	महाराष्ट्र	145
12.	मध्य प्रदेश	95
13.	उत्तर पूर्व	76
14.	उड़ीसा	79
15.	पंजाब	23
16.	राजस्थान	95
17.	तमिलनाडु	26
18.	उत्तर प्रदेश	182
19.	पश्चिम बंगाल	113
	योग:	1280

Telecom facilities in rural areas around Tirupati

7064. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state: